# Description & Importance of the Project

कार्य का नाम :– जनपद अल्मोड़ा विकास खण्ड द्वाराहाट के अन्तर्गत बसेरा बैण्ड से कूना धन्यारी मोटर मार्ग का धौलाड़गूढ़ तिपौला तक विस्तार (लम्बाई 2.00 किमी0) ।

विधान सभा क्षेत्र :– द्वाराहाट।

स्वीकृति का संदर्भ :– इस कार्य की प्रशासनिक एंव वित्तीय स्वीकृति शासनादेशं सं0 869/III(2)/09–45 (एम0एल0ए0)/08 टी0सी0 दिनांक 2.3.2009 द्वारा प्राप्त है।

लागत :– रू0 70.00 लाख ।

लम्बाई :– 2.00 किमी0 ।

जनपद अल्मोड़ा के विधान सभा क्षेत्र द्वाराहाट के अन्तर्गत बसेरा बैण्ड से कूना धन्यारी मोटर मार्ग का धौलाड़गूढ़ तिपौला तक विस्तार प्रस्तावित है। मार्ग की लम्बाई 2.00 किमी0 है। वर्तमान में कूना एंव धन्यारी आदि ग्राम किसी सडक मार्ग एंव लिंक मार्ग से जुड़े नहीं है। जिससे यहॉ की जनता को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है। मार्ग का निर्माण न होने से यहॉ की जनता को मूलभूत सुविधायें जैसे अनाज, फल, सब्जी तथा ईलाज के लिये लगभग 4 घण्टे पैदल चलकर जाना पड़ता है। मार्ग का निर्माण होने से यहॉ के बच्चों को भी अच्छी शिक्षा मिलेगी। मार्ग निर्माण का मुख्य लक्ष्य स्थानीय जनता को यातायात की सुविधा से जोड़ना, उनको मूलभूत सुविधायें उपलब्ध कराना उनके द्वारा उत्पादित फल एंव सब्जियों को बाजार तक पहुॅचाना एंव क्षेत्र को विकास की ओर अग्रसर करना है।

अतः उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर मोटर मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है।

सहायक अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,<br>रानीखेत।

अधिशासी अभियन्ता<br>निर्माण खण्ड,लो0नि0विभाग,<br>रानीखेत।